श्रीसोमनाथसंस्कृतविश्वविद्यालय-ई-ग्रन्थमाला-०८

श्रीमदनन्तशक्तिपादप्रणीतवृत्त्युपेतानि

# वातूलनाथसूत्राणि


**प्रधानसम्पादकः**

**प्रो० सुकान्तकुमारसेनापतिः**

कुलपतिः, श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी, वेरावलम्

**सम्पादकः हिन्दी-आङ्ग्लानुवादकश्च**

**महामहोपाध्यायः प्रो० जयप्रकाश नारायण द्विवेदी**

पूर्वनिदेशकः

श्रीद्वारकाधीश संस्कृत एकेडेमी एन्ड

इन्डॉलॉजिकल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, द्वारका, गुजरातम्



श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी, वेरावलम्

(राष्ट्रियमूल्याङ्कनप्रत्यायनपरिषदा A+ श्रेण्यां प्रत्यायितः)

श्रीसोमनाथसंस्कृतविश्वविद्यालय-ई-ग्रन्थमाला-०८

श्रीमदनन्तशक्तिपादप्रणीतवृत्त्युपेतानि

# वातूलनाथसूत्राणि

**प्रधानसम्पादकः**

**प्रो० सुकान्तकुमारसेनापतिः**

कुलपतिः, श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी, वेरावलम्

**सम्पादकः हिन्दी-आङ्ग्लानुवादकश्च**

**महामहोपाध्यायः प्रो० जयप्रकाश नारायण द्विवेदी**

पूर्वनिदेशकः

श्रीद्वारकाधीश संस्कृत एकेडेमी एन्ड

इन्डॉलॉजिकल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, द्वारका, गुजरातम्

श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी, वेरावलम्

(राष्ट्रियमूल्याङ्कनप्रत्यायनपरिषदा 'A+' श्रेण्या प्रत्यायितः)

**प्रकाशकः –**

**डॉ. दशरथजादवः**
कुलसचिवः,
श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी,
राजेन्द्रभुवनरोड, वेरावलम् - ३६२ २६५
गीर-सोमनाथजनपदम्, गुजरातम्
दूरभाषः – ०२८७६-२४४५३२, फेक्स – २४४४१७
www.sssu.ac.in

**सहसम्पादकः समन्वयकश्च –**
**डॉ. कार्तिकः पण्ड्या**
संशोधनाधिकारी,
श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी, वेरावलम्

*© Shree Somnath Sanskrit University, Veraval-2023*

**Note:** The statements and views expressed by the author/editor/ translator in this book are their own and not necessarily of the publisher. The responsibility of the facts stated, opinions expressed or conclusions reached, is entirely that of the author/editor/translator of respective book and that Shree Somnath Sanskrit University accepts no responsibility for them.

| | |
|---|---|
| संस्करणम् | : प्रथमम् |
| वर्षम् | : अगस्त-२०२३ |
| प्रतिकृतयः | : ई-पुस्तकम् (पीडीएफ) |
| ISBN | : 978-93-83097-62-3 |
| मूल्यम् | : निःशुल्कम् |
| मुद्रकः | : श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी, वेरावलम् |

Shree Somnath Sanskrit University E-Grantha Series-08

With the commentary of Śrīmadanantaśaktipāda

# VĀTŪLANĀTHASŪTRĀṆI

Chief Editor

**Prof. Sukanta Kumar Senapati**

Vice Chancllor,

Shree Somnath Sanskrit University, Veraval

Editor & Translator (Hindi & English)

**Prof. J. P. N. Dwivedi**

Former Director,

Shree Dwarkadhish Sanskrit Academy &

Indological Research Institute, Dwarka

**Shree Somnath Sanskrit University, Veraval**

(Accredited by NAAC with 'A+' Grade)

**Published by –**

**Dr. Dasharath Jadav**
Registrar,
Shree Somnath Sanskrit University,
Rajendra Bhuvan Road, Veraval – 362 265
Dist. Gir-Somnath, Gujarat
Phone – 02876-244532, Fax – 244417
www.sssu.ac.in

**Assistant Editor & Co-ordinator –**

**Dr. Kartik Pandya**
Research Officer,
Shree Somnath Sanskrit University, Veraval

*© Shree Somnath Sanskrit University, Veraval-2023*

All rights reserved. No part of this publication may be reproduced, stored in a retrieval system or transmitted in any form or by any means, electronic or mechanical, including photocopying, recording or otherwise, without the written permission from the publisher.

| | |
|---|---|
| Edition | : First |
| Year | : August-2023 |
| Copies | : E-Book in PDF |
| ISBN | : 978-93-83097-62-3 |
| Price | : Free |
| Printed By | : Shree Somnath Sanskrit University, Veraval |

# कुलपतिवाक्

**सुखं मे स्यात् दुःखं माभूत्** इति श्रौतीकामनेयं सकलशोकनाशपुरःसरं नित्यनिरतिशयसुखं बोधयति। अतः नित्यसुखप्राप्तये विविधाः उपायाः मनीषिभिः प्रदर्शिताः। शास्त्राणां विशेषप्रतिपत्तिः तदनुकूला प्रवृत्तिश्च कथं वा सहजा स्यात् तत्फलं च प्राप्य मानवः कृतार्थो भवेत् इति शास्त्रकारैः विविधसरणयः प्रदर्शिताः।

परमपुरुषार्थप्राप्तये प्रदर्शितासु सरणिषु संस्कृतसाहित्ये सूत्रसरणिर्विशिष्यते। सूत्रसरणिद्वारा स्वल्पे काले सहजावगमः अभीष्टवस्तुसिद्धिः च सम्भवति। साक्षात् परमपुरुषार्थप्रतिपादकं सकलदर्शनसारभूतं, शैवतन्त्रागमतत्त्वसमवेतं काश्मीरशैवदर्शनोपद्बलकं **श्रीमदनन्तशक्तिपादप्रणीतं वातूलनाथसूत्राणि** इति शीर्षकाङ्कितं दुर्लभग्रन्थरत्नं महामहोपाध्यायेन विद्वत्तल्लजेन आचार्यजयप्रकाश-नारायणद्विवेदीमहोदयेन सम्पादितं हिन्दी-आङ्ग्लव्याख्याभ्यां समलङ्कृतं च वीक्ष्य नितरां मोदमनुभवामि। त्रयोदशसूत्रैरुपनिबद्धमिदं पुस्तकं साकल्येन काश्मीरशैवदर्शनतत्त्वं, तत्रत्यां यौगिकीं प्रक्रियां च स्फुटं परिप्रकाशयति इति नात्र विसंवादः। ग्रन्थरत्नमिदं भारतीयज्ञानरत्नाकरसंवर्धने निश्चयेन उपकारकं भविष्यति इति मे द्रढीयान् विश्वासः। सारस्वतसेवकान् विविधशास्त्रनदीष्णान्

महामहोपाध्यायान् आचार्य जयप्रकाशनारायणद्विवेदीवर्यान् सन्दर्भेऽस्मिन् विश्वविद्यालयपरिवारः सादरम् अभिनन्दति। एतादृशस्य शैवागमतत्त्वभूयिष्ठस्य ग्रन्थरत्नस्य प्रकाशनं कृत्वा विश्वविद्यालयः परमानन्दमनुभवति।

परमपिता देवाधिदेवः श्रीसोमनाथदेवः आचार्यजयप्रकाश-नारायणद्विवेदीवर्याणां कृते सकलकल्याणं वितनोतु इति कामनया विरम्यते।

(प्रो. सुकान्तकुमारसेनापतिः)
कुलपतिः

# सम्पादकीयम्

वेदकालादारभ्याद्यावधि अनवरतमखिलमानवजातेरीहा दरीदृश्यते जननमरणपीडायाः सर्वथा मुक्त्यर्थमेतावता बहुविधचिन्तनानि यानि सम्पादितानि मानवद्वारा तेषु प्राधान्यम्भजते तन्त्रविद्या साधनापर्यायरूपानेकविधा। तपस्तप्तेष्वेषु काश्मीरीशैवतन्त्रप्रामुख्यङ्ख्यातिलब्धमिति नाविदितन्तथ्यमिदं दर्शनाधीतीनां तपोधनानाङ्कृतेऽस्माद्धेतोरधिकां समृद्धिं गतं काश्मीरीशैवतन्त्रम्। तन्त्रेऽस्मिन् शिवशक्तिस्वरूपं प्रकाशविमर्शरूपेऽस्ति समुपस्थापितम्। अत्र कुण्डलिनीजागरण-सिद्धयोगिनीसम्बन्ध-निष्क्रियानन्दनाथ-गन्धमादन-प्रभृतिबहुविधविषयप्रतिपादनद्वारा ज्ञानप्राप्तेर्विचारः कृतोऽस्ति गभीरतया सूक्ष्मरूपेण।

तावन्न अस्यामेवपावनतन्त्रपरम्परायामखण्डसाधनापूतपरायणतापन्नव्यक्तित्वविभूषिताः भूतभावनभगवन्मृत्युञ्जयोपेतभवानीपादपङ्कजपरागसमर्पितजीवनधनिकाः "महासाहसवृत्त्या स्वरूपलाभः" इत्यारभ्य त्रयोदशसूत्रप्रणेतारः विद्यन्ते तन्त्रज्ञानसुधियः श्रीमन्तः वातूलनाथाः। अनेनैव प्रकारेण तत्तुल्यमेधासमन्विताः तन्त्रशास्त्रोपासनसमर्पितजीवनधनाः श्रीमदनन्तशक्तिपादमहोदयाः विलसन्त्यत्र श्रीमद्वातूलनाथप्रणीतसूत्रवृत्तिकाराः भगवत्पाणिनीयाष्टाध्यायीवृत्तिकारमहामुनि-वार्तिककारकात्यायनानामिव। एतद्गहनविद्याजन्यसुमहत् ज्ञानप्रभावजनितवृत्तेरस्तीद-मनुवादकार्यमित्यस्मिन् विषये नास्ति काचिच्छङ्का। वस्तुतः सिद्धगुरुपादपद्म-कृपाप्रसादाभावात् नाप्नोति कश्चित् सुधी साधकः तन्त्रज्ञानमिदम् एतावतैतद्गभीरज्ञानोदधिं तीर्त्वा सूत्रवृत्त्युपस्थापितुं कोऽन्यः विद्वद्धौरेयः प्रभविष्यति भौतिकतापन्नेऽस्मिन्

जगति। अतः कारणकार्यभावात् स्वयमिदं सिद्धमेतान्प्रति सरोवरजलबुद्बुद्तरङ्गेव क्षणभङ्गुरे यद् अप्रतिमसिद्धिप्राप्ततपश्चर्याचरणानामेतेषां कारुणिकप्रकृतीनां गुरुपद्मपादानामहैतुक्यनुकम्पाप्रसादजनितम्फलमिदं सूत्ररूपम् अस्माकं दृष्टिपथे वर्तते प्रस्तुतं ज्ञानपिटकम्। यद्यप्यत्रोद्देश्यमस्तीत्यस्या कृतेः शिवशक्त्यैक्यबोधपूर्वकं नानाविधदुःखसन्तप्तनिखिलजीवजगदामुष्मिकमङ्गलविधानं किन्त्वस्मिन् कठिनतरसाधनाभूतकण्टकाकीर्णबहुविघ्नसङ्कुले मार्गे सिद्धिप्राप्तयेऽस्तीति अनेकविधतन्त्रसम्बद्धैताद्दृग्ज्ञानस्यावश्यकता यदर्थं सारल्यबोधमुद्दिश्यागणित-तन्त्रनिर्धारितपारिभाषिकशब्दाः सन्त्यत्र सम्प्रयुक्ताः। यथा- प्रकाशः, विमर्शः, खेचरी विद्या, साहसमहासाहसानुपायसमावेशक्रमाक्रमानुत्तरोच्छुष्यपादौघभेदाभेद-सविकल्पकनिर्विकल्पकभवनिर्वाणस्वरूपलाभशक्तिपाददीक्षाजपध्याननादानन्द काम्योद्भवघूर्णानिद्राभूच्छमिहाशून्ययुगपद्वृत्तिषट्चक्रभेदनोर्ध्वारोहणमहामिलापमूलाधारपयोधरखेचरीमुद्रामयूराण्डरसशिम्बिकाफलन्यायपञ्चचर्याकथनकथाबल सङ्क्रमणप्राणपुर्यष्टकात्मस्वरूपप्रतिपत्तिनिरुत्तरमहासंविदनाहतहतोत्तीर्णपीठेश्वरी भवविभवविभागसाहसोल्लासमयीवृत्त्यनुपमपरमरहस्यमहाविस्मयादयश्चेत्यादयः। अनेनैव प्रकारेण देवीचतुष्टय-कथामहावाक्यार्थस्वरूपोपस्थापनद्वादशवाहोदयमहासामरस्यात्मकसमुल्लसनानाश्रितावधूतोन्मत्तासर्वभक्ष्यामहामरीचिमहाव्यापिकामहासंहाराणवशाक्तशाम्भवाश्वासङ्ख्यताम्भजन्ते पारिभाषेयशब्दाः ज्ञानपिटकेऽस्मिन्।

वस्तुतः तन्त्रसन्दर्भे कथयन्तीदं विपश्चिज्जनाः यदियं शिवशिवोपासनाजातव्यवस्था वर्तते सामान्यविधिविहितसृष्टिप्रबन्धनसमानान्तरम्। यतः

शैवोपासनयानयासम्भवकार्याणि अपि सम्भवतां व्रजन्ति। यद्यपि विद्यन्ते भारतीयदार्शनिकानाम्मते मुक्तेर्विविधाः मार्गाः किन्त्वस्मिन् शास्त्रे निर्निकेतपरज्ञानप्रकाशावलम्बनद्वारा पुण्यपापकथानिवृत्तिं सम्प्राप्य मुक्तिपदन्तु करतलगतामलकवत् सहजतयाप्नोति साधकः। अस्माद्धेतोः वक्त्यत्र वातूलनाथः –

**महाबोधसमावेशात्पुण्यपापसम्बन्धः। (वातूलनाथसूत्रम्-१२)**

अर्थात् 'महाबोधः' च ज्ञातृज्ञानज्ञेयविकल्पसङ्कल्पकालुष्यनिर्मुक्तो निःशम-शमानिकेतनिर्धामधामप्रथात्मकः परतरज्ञानस्वभावः क्रमाक्रमोत्तीर्णत्वात् महागुरुभिः साक्षात्कृतः। तस्य 'समावेशः' अकरणक्रमेण यथास्थितसन्निवेशेन त्यागस्वीकारपरिहारतः सततमच्युतवृत्त्या तद्रूपेण स्फुरणम्। तस्मात् 'महाबोधसमावेशात्' पुण्यपापयोः शुभाशुभलक्षणकर्मणोर्द्वयोः स्वफलद्वयवितरण-शीलयोः 'असम्बन्धः' असंश्लेषः अनवरतं जीवत एव वीरवरस्य अपश्चिमजन्मनः कस्यचित् सर्वकालमकृतकानुभवरसचर्वणसंतृप्तस्य भवभूमावेव बन्धमोक्षोभयोत्तीर्णमहामुक्तिः करतलामलकवत् स्थितेत्यर्थः इति वृत्तिकारः श्रीमदनन्दशक्तिपादः।

अतः सामान्यदृष्ट्या विचार्यमाणेऽपि लघुकायोऽयं ग्रन्थः विद्यते महत्त्वपूर्णः यतः एतन्निष्ठप्रतिपाद्यं वर्तते मानवजीवनपीडापरिहाराय महौषधममूल्यम्। अस्मादेव कारणात् 'सुभावती' इति हिन्दीटीकया आङ्ग्लव्याख्यया च सुसज्जीकृत्य प्रस्तूयते शैवतन्त्रकीर्तिरियम्।

अस्मद् कृते नितान्तगौरवस्य विषयोऽयं वरीवर्ति यद् श्रीसोमनाथसंस्कृतविश्वविद्यालयव्यवस्थां निभालयन्तः सम्यक्तया

कुलपतिपादाः आचार्यसुकान्तकुमारसेनापतिमहानुभावाः कुलसचिवाः डॉ.दशरथजादवाश्च ग्रन्थस्यास्य प्रकाशने रुचिपूर्वकं प्रयतन्तेऽनवरतम्। तन्त्रवाङ्मये मामकीनः प्रथमोऽस्त्ययम्प्रयासः। एतावता तन्त्रविद्याविशारदानां तपस्तप्तचरणचक्रवर्तिनां परामर्शापेक्षा सततम्भविष्यति अत्र यत् किञ्चिदुपस्थापितम्मया तच्छर्वं गुरुकृपा वर्तते। अतः प्रकाशनाय यतमानानां कुलपतिवर्य्याणां कुलसचिवानाञ्च सौहार्दं प्रति कार्तज्ञमनुभवामि। अनन्तश्रीविभूषितानां द्वारकाशारदापीठाधीश्वराणां श्रीमज्जगद्गुरुशङ्कराचार्याणां स्वामिवर्य्याणां श्रीसदानन्दसरस्वतीमहाराजानाञ्च चरणयोः प्रणतिततिमर्पयामि भूयो भूयः। जयतु श्रीसोमनाथः। जयतु श्रीद्वारकाधीशः।

भगवच्चरणचञ्चरीकः

**महामहोपाध्यायः आचार्यः**

**जयप्रकाश नारायण द्विवेदी**

**द्वारका**

# विषयानुक्रमः

| | पृष्ठाङ्कनम् |
|---|---|
| ❖ पृष्ठभूमिः | १ |
| ❖ संस्कृतसूत्राणि वृत्तिश्च | १३ |
| ❖ शुभावती हिन्दी भाषाटीका (हिन्दी-अनुवादः) | २५ |
| ❖ An English Translation (आङ्ग्ल-अनुवादः) | ४७ |

# पृष्ठभूमि

भारतीय-चिन्तन-सरणि में काश्मीरी शैव दर्शन एवं तन्त्र का महत्त्वपूर्ण स्थान है, जिसमें शिव-पार्वती का स्वरूपाङ्कन प्रकाश एवं विमर्श के रूप में किया गया है और ये दोनों स्वरूप भी परम शिव को मात्र समझने के लिए ही पृथक्-पृथक् दृष्टिगोचर होते हैं। इस ज्ञानशाखा की साधना से मोक्ष की प्राप्ति अवश्यम्भावी है और एतत्सम्बद्ध विद्या-परम्परा में ग्रन्थों की संख्या अगणित है। इस प्रमुख ग्रन्थ श्रेणी में **"वातूलनाथसूत्राणि"** की भी विशिष्ट महत्ता है जिसमें कुल १३ सूत्र हैं और ग्रन्थारम्भ के पूर्व छः श्लोक भी देखे जा सकते हैं, जिनमें गुरुमुख से प्राप्तव्य अनुपाय (आनन्द योग) एवं पूज्य गुरु वातूलनाथ प्रदत्त उपदेशपूर्वक भगवान् शिव को सादर प्रणाम किया गया है। यह प्रणति निवेदन सूत्रों के आधार पर पाण्डित्यपूर्ण वृत्ति के प्रणेता श्रीमदनन्तशक्तिपाद ने किया है।

प्रकृत कृति १९ पृष्ठों की है, जिसमें सूत्र और वृत्ति पूर्णतः समाहित हैं। इसे कुल ०५ प्रतियों के सहयोग से तैयार किया गया है क्योंकि यह श्रीद्वारकाधीश संस्कृत एकेडेमी एण्ड इण्डोलाजिकल रिसर्च इन्स्टीटयूट, द्वारका (गुजरात) के पाण्डुलिपि सङ्ग्रहालय में मुझे सर्वप्रथम १९९४ ई.स. में प्राप्त हुई, जिसका हिन्दी अनुवाद मैंने उसी समय कर दिया था किन्तु वह अनुवाद हस्तलिखित रूप में मेरे पास यों ही पड़ा रहा। तत्पश्चात् पुस्तकालयीय व्यवस्था के परिवर्तन के कारण वह पाण्डुलिपि मेरे पास खण्ड-खण्ड में प्राप्त हुई, जिससे उसके व्यवस्थित स्वरूप को समझना मेरे लिए दुरूह हो गया। एतावता मैं इस ग्रन्थ की पूर्णप्रति के अनुसन्धान में अनेक संस्थानों, विश्वविद्यालयों

एवं सङ्ग्रहालयों की यात्रा करता रहा, किन्तु सफलता न मिली। एक लोकोक्ति है कि यदि प्रभु की कृपा हो और निष्ठा से प्रयत्न किया जाय, तो कभी न कभी चाह वाले को राह जरूर मिलती है। मैं नवम्बर २०१९ के कालिदास समारोह में उज्जैन गया, जहाँ मैंने अपनी समस्या की चर्चा विद्वद्वरेण्य कुलपति (विक्रम युनिवर्सिटी, उज्जैन) प्रो. बालकृष्ण शर्माजी से की, जिनके परामर्श और भ्राता डॉ. शीतांशु रथजी के सहयोग से मुझे इस कृति का पूर्ण स्वरूप प्राप्त हो गया। न केवल यह ग्रन्थ ही प्रत्युत् उसका अंग्रेजी अनुवाद भी प्राप्त हुआ। अतः मेरे इस हिन्दी अनुवाद को बल मिला और मेरा मनोबल भी बढ़ गया। उज्जैन से प्राप्त इस ग्रन्थ का प्रकाशन संवत् १९८० ख्रैस्ताब्द १९२३ में 'निर्णय सागर' प्रेस मुम्बई से हुआ था, जिसके सङ्ग्रह, अनुवाद और परिष्कार की व्यवस्था काश्मीर-श्रीनगर के श्रीभारतधर्ममार्तण्ड महाराज श्री प्रतापसिंहवर द्वारा प्रतिष्ठापित प्रत्न विद्याप्रकाशन रिसर्च कार्यालय के अध्यक्ष पण्डित मधुसूदन कौल शास्त्री द्वारा अपने किसी कार्यालयीय पण्डित के सहयोग से कराया गया था। किन्तु ग्रन्थ की स्वायत्तता महाराज श्रीनगर के ही अधीन है। यह 'निर्णय सागर प्रेस, मुम्बई' के 'काश्मीर-संस्कृत ग्रन्थावली' के ग्रन्थाङ्क, ३९ के रूप में प्रकाशित है, जिसके पूर्व निम्नाङ्कित दो श्लोक भी उट्टङ्कित हैं-

**श्रीसोमानन्दनाथप्रभृतिगुरुवरादिष्टसन्नीतिमार्गो**
**लब्ध्वा यत्रैव सम्यक्पटिमनिघटनामीश्वराद्वैतवादः।**
**कश्मीरेभ्यः प्रसृत्य प्रकटपरिमलोरञ्जयन् सर्वदेश्यान्**
**देशेऽन्यस्मिन्नदृष्टो घुसृणविसरवत्सर्ववन्द्यत्वमाप॥**

**तरततरसा संसाराब्धिं विधत्त परे पदे**
**पदमविचलं नित्यालोकप्रमोदसुनिर्भरे।**
**विमृशत शिवादिष्टाद्वैतावबोधसुधारसं**
**प्रसभविलसत्सद्युक्त्यान्तःसमुत्प्लवदायिनम्॥**

इन श्लोकों के द्वारा श्रीसोमानन्दनाथ संज्ञक किसी गुरुतुल्य श्रेष्ठ विद्वान् के शैव दर्शन सम्बन्धी विशेषताओं का बोध होता है। उन्होंने कश्मीर से शैव विद्या को समूचे देश में प्रचारित-प्रसारित किया, जिसमें शिव एवं पार्वती के अद्वैतभाव को अभिव्यक्ति प्रदान की गयी है तथा शिव को अविचल बताया गया है। इस प्रकाशित ग्रन्थ की Forewording में जो दिनाङ्क दिया गया है, वह २१ अगस्त १९२३ है।

प्रकृत पाण्डुलिपि, जिससे मैंने हिन्दी अनुवाद किया था, उसमें पङ्क्तियों की सङ्ख्या सूत्र सहित १६ से २० और एक पङ्क्ति में सामासिक शब्दों की सङ्ख्या ३ से लेकर ५ तक है किन्तु अक्षरों को लम्बाई ४ से ५ मीलीमीटर, ऊँचाई ४.५ मीलीमीटर और लकीरगत मोटाई ०.५ मीलीमीटर है। सम्पूर्ण ग्रन्थ में कुल ३२९ पङ्क्तियाँ हैं एवं इसके अतिरिक्त कृति के आरम्भ में १२ पङ्क्तियों में ६ श्लोकों की रचना की गयी है, जो सम्भवतः श्रीमदन्तशक्तिपाद द्वारा ही रचित है। ग्रन्थारम्भ के इन श्लोकों के पूर्व जो सामग्री उल्लिखित है, वह इस प्रकार है-

**"ॐ नमः संविद्वपुषे परमशिवाय। अथ श्रीवातूलनाथसूत्राणि।**
**श्रीमदनन्तशक्तिपादविरचितवृत्तिसमेतानि।"**

इसी प्रकार ग्रन्थ के अन्त में निम्नाङ्कित उल्लेख है-

**इति परमरहस्यं वाग्विकल्पौघमुक्तं**
**भवविभवविभागभ्रान्तिमुक्तेन सम्यक्।**
**कृतमनुपममुच्चैः केनचिद् विद्विकासा-**
**दकलितपरसत्तासाहसोल्लासवृत्त्या॥**

**समाप्तेयं श्रीमद्वातूलनाथसूत्रवृत्तिः।**
**कृतिः श्रीमदनन्तशक्तिपादानाम्।**

ध्यातव्य है कि विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के सिन्धिया इन्स्टीट्यूट के पाण्डुलिपि सङ्ग्रहालय से जो सामग्री मुझे प्राप्त हुई, वह तीन पाण्डुलिपियों के मिलानपूर्वक तैयार की गयी थी –

(१) सन् १९२३ में लगभग १५० वर्ष पुरानी वह पाण्डुलिपि, जो अत्यन्त प्राचीन थी तथा वह कश्मीर की इसी संस्था के पूर्वोक्त उल्लिखित इसी पाण्डुलिपि विभाग के पूर्व ऑफीसर इंचार्ज एम. एम. पण्डित मुकुन्दरामशास्त्री से सम्बद्ध थी। उन्होंने ही इसे सुलभ कराया, जो १/२ Foolscap साइज की थी। यह पाण्डुलिपि जिस प्रकार के कागज पर थी, उसके लिए कहा गया है कि- Śārada character and written on country paper. यदि आज इस पाण्डुलिपि की आयु की गणना करें, तो लगभग २५० वर्ष प्राचीन मानी जाएगी। यह पूर्ण और शुद्ध थी।

(२) दूसरी पाण्डुलिपि लगभग ५० वर्षों प्राचीन थी, जो आज लगभग १५० वर्षों के आसपास होता है इस हस्तप्रति का सम्बन्ध भी कश्मीर के इसी विभाग के राजानक महेश्वर के साथ है, जो १/३

Foolscap साइज की थी। Śarada character की यह प्रति भी पूर्व प्रति की भाँति पूर्ण तथा शुद्ध थी।

(३) खारयाल श्रीनगर, कश्मीर के स्वामी ऋषि कौल साहिब द्वारा Oblong साइज के काश्मीरी पेपर पर लिखित जो तृतीय पाण्डुलिपि सुलभ करायी गयी, वह भी पूर्ण और शुद्ध थी तथा सन् १९२३ में लगभग ७५ वर्षों पुरानी थी, जिसे आज १७५ वर्ष प्राचीन माना जाएगा।

(४) पंडित मधुसूदन कौल शास्त्री द्वारा संगृहीत वह सामग्री, जिससे मुझे पूर्ण सामग्री की पुनर्प्राप्ति हुई, वह चतुर्थ प्रति है, जो सज्जनों की प्रसन्नता हेतु श्रीमान् महाराज प्रतापसिंहवर की आज्ञा से संगृहीत की जा सकी थी। जिसका सम्पादन सन् १९२३ ई. में उन्होंने किया था।

(५) पंचम हस्तप्रति वह है, जिसके अन्त में संग्रहकर्ता एवं काल का कोई उल्लेख नहीं था और अनुवाद के समय जो मुझे श्रीद्वारकाधीश संस्कृत एकेडमी, द्वारका (गुजरात) के संग्रहालय से १९९४ ई. में पूर्णरूप से प्राप्त हुई थी किन्तु किन्हीं कारणों से बाद में पूर्णतया नष्टप्राय अवस्था को प्राप्त हो गयी है, जो जीर्ण रूप में आज भी मेरे पास सुरक्षित है किन्तु इतना सत्य है कि हिन्दी अनुवाद मैंने उसी पाण्डुलिपि से किया था। अतः उनकी जीर्णता और शुद्धि के आधार पर यह माना जाना चाहिए कि इसका भी समय लगभग उन्हीं हस्तप्रतियों के आसपास रहा होगा।

इस प्रकार यह प्रामाणिक ग्रन्थ कुल ०५ प्रतियों के आपसी अक्षरशः मिलान का पावन परिपाक है, जिसकी पूर्णता, शुद्धि,

प्रामाणिकता और कालनिर्धारण में कोई संशय नहीं है। द्वारका वाली प्रति मोटे कागज पर लिखी हुई देवनागरी लिपि में उपनिबद्ध है।

जहाँ तक विषय प्रतिपादन का प्रश्न है, यह कृति विशुद्ध रूपसे काश्मीरी शैव दर्शन चिन्तनोपेत प्रमुख ज्ञान मंजूषा है, जिसमें शिव-पार्वती के अद्वैत स्वरूपांकन के साथ-साथ कुण्डलिनी जागरण एवं तज्जन्य अद्भुत परिणामों का प्रतिपादन किया गया है। मात्र १३ सूत्रों के इस ग्रन्थ को तन्त्र के क्षेत्र में 'गागर में सागर भरने वाला' कहा जा सकता है क्योंकि इस ग्रन्थ के मंगलाचरण के श्लोकों में एक ओर जहाँ 'संविद्वपु परम शिव" के निर्विकार एवं अनाहत, शाश्वत स्वरूप के साथ अनुपाय (आनन्द योग) का गहन चिन्तन दिखायी पड़ता है, इसका वहीं नमस्कारात्मक और वस्तुनिर्देशात्मक मंगलरूप वाक्य "ॐ नमः संविद्वपुषे परमशिवाय" ग्रन्थनिष्ठ प्रतिपाद्य की सूचना देता है। यहाँ परम शिव को प्रकाश (ज्ञान, शिव) और पार्वती को विमर्श (शक्ति और पार्वती) का संयुक्त स्वरूप बताया गया है। इसके अतिरिक्त खेचर, खेचरी विद्या, साहस, महासाहस, अनुपाय समावेश, गुरु की प्रार्थना, साधनान्तर्गत क्रम-अक्रम, अनुत्तर (परमशिव), योगिनियों (पीठेश्वरियों), चारों वेद, छः दर्शन, उच्छुष्यपादौघ, अस्ति-नास्ति, भेदाभेद, सविकल्पक-निर्विकल्पक, भव-निर्वाण, स्वरूपलाभ, शक्तिपात, दीक्षामन्त्र, जप, ध्यान, दीक्षा के बाह्य (क्रियात्मक) और आभ्यन्तरीय (वेद्यात्मक) स्वरूप और तीव्रा-तीव्रतरारूप, दीक्षोपरान्त शिष्य में उत्पन्न नाद, आनन्द, काम्य, उद्भव, घूर्णा, निद्रा, मूर्च्छा प्रभृति गुणों, महाशून्य एवं स्वरूपलाभोपरान्त युगपद्वृत्ति अर्थात् प्रवृत्ति (सामरस्य) इत्यादि महत्त्वपूर्ण तथ्यों का गहन विवेचन किया गया है। ऐसा होने के बाद साधक का सतत अवस्थान हो जाता है।

तत्पश्चात् तृतीय सूत्र में प्रतिपादित वर्णन के अनुसार प्राणापान दोनों के विदारण से साधक का महाशून्य में प्रवेश हो जाता है, जहाँ शक्ति-शिव की भेदावस्था से विनिर्मुक्त वर्ण-अवर्ण-निवर्ण तथा स्पर्श-अस्पर्श से वह परे हो जाता है। उसी अवस्था को तन्त्र में परमाकाश कहते हैं, जहाँ समावेश पा लेने को ही सामरस्य कहा जाता है तथा इसी प्रक्रिया के उपदेश को महोपदेश कहते हैं। तत्पश्चात् इसी क्रम में निष्क्रियानन्दनाथ, गन्धमादन, गन्धमादनपादसिद्ध, पंचप्राण एवं अन्य तथ्यों का प्रतिपादन किया गया है, जहाँ कुण्डलिनी जागरण के बाद उसका ऊर्ध्वारोहण और षड्चक्रभेदनपूर्वक सिद्धि की प्राप्ति का क्रम आगे बढ़ता है और एक ऐसा अवसर आता है, जब आचारगत समानता के कारण साधना जाति, धर्म, पथ, लिङ्ग और सम्प्रदाय से परे शैव, वैष्णव, शाक्त, नाथ और बौद्ध, सभी को मिलाकर एक कर देती है।

इसी प्रकार चतुर्थ सूत्र में अनिर्वचनीय महोपदेश की प्राप्ति और प्राणापान (उभय पट्टाकार) के परिहारोपरान्त परमशिवरूप महाशून्य में समावेश के पश्चात् कैवल्य फल के प्रतिपादन में साधक की निरवकाश संवित् में अवस्थिति बतायी गयी है, जिसके अन्तर्गत पञ्चमहाभूतों की विधाओं, उनके भोग्य-भोक्तृ स्वभाव, उनके युग्मगत संहरण (ग्रास) से निर्मीयमाण निरवकाश संवित् एवं उस स्थिति में साधक की अच्युत गति, कुल और कौल (उपास्योपासक) भाव, द्वैत के निरसनपूर्वक युग्म चर्चा से परतत्त्व में अवस्थिति और तत्पश्चात् पंचम सूत्र में सम्मिलन कथा का साक्षात्कार निरूपित किया गया है क्योंकि सिद्ध और योगिनियों के सम्मिलन से महामिलाप का उदय होता है। यह महामिलाप विषयों और इन्द्रियों की अधिष्ठात्री देवियों के मध्य होता

है। उनके ग्राह्य-ग्राहक भाव के संश्लेष से द्वैत का विगलन होने के कारण महासामरस्यात्मक समुल्लसन होने लगता है। उस समय वेद्य-वेदक भाव का संकुचन हो जाता है तथा तीन कञ्चुकों के उल्लङ्घन द्वारा निरुत्तर (शिव) की प्राप्ति हो जाती है, जिसे अनिर्वचनीय, मोक्ष अवस्था कहते हैं।

त्रिकञ्चुक का तात्पर्य है भाविक, भौतिक और शून्यरूप। षष्ठ सूत्र की व्याख्या में इन तीनों की गम्भीर चर्चा की गयी है किन्तु इनके परित्याग से तुर्यपद (परम शिव के साथ तादात्म्य) की प्राप्ति के बाद निरावरण की चर्चा ७वें सूत्र में की गयी है, जिसमें स्वरों के वैभव का ही सतत विस्तार है क्योंकि चतुर्विध वाक् के उदय और विराम का ही प्रयोग स्वरसिद्धि है, जिन्हें अवस्थानुसार परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी कहते हैं। इसी के साथ मयूराण्डरस न्याय एवं शिम्बिकाफलन्याय का वर्णन भी यहाँ प्राप्त होता है।

इसी प्रकार अष्टम सूत्रान्तर्गत मूलाधार, पयोधर एवं आधार संज्ञक रसत्रय के गम्भीर विवेचन का क्रम आता है और इन्हें व्याख्यायित करने के बाद खेचरी मुद्रा और महासंहार प्रभृति का वर्णन कर नवम सूत्र में देवी चतुष्टय का कथासार प्रस्तुत किया गया है। ये देवियाँ हैं- क्षुत्, तृट्, ईर्ष्या और मनना। तत्पश्चात् १०वें सूत्र में द्वादशवाहों का वर्णन कर द्वादशवाहोदय से महामरीचि (महासंविद्) तक के सुष्ठु विकास का चिन्तन दर्शनीय है। मन, श्रोत्रादि पञ्चज्ञानेन्द्रियाँ, बुद्धि और पञ्चकर्मेन्द्रियाँ मिलकर द्वादशवाह हैं। साथ ही इसके विवेचन में महावाक्यार्थ का स्वरूपोपस्थापन भी किया गया है और इसके बाद ११वें सूत्र में चर्यापञ्चक सम्प्रदाय एवं उसके उदय के पश्चात् निस्तरङ्ग

शिव के समावेश का प्रसंग आता है। पाँच चर्याएँ निम्नांकित हैं- (१) अनाश्रिता, (२) अवधूता, (३) उन्मत्ता, (४) सर्वभक्ष्या और (५) महाव्यापिका।

इनके उदय के बाद आणव (क्रिया), शाक्त (ज्ञान) और शाम्भव (इच्छा) रूप सभी तरंगों से रहित समावेश लक्षण वाले निरुत्तर शिव के समावेश धर्म से साधक मुक्त हो जाता है। पञ्चचर्याओं के उदय होने का अर्थ है नियत शक्तिसमूहों और अनियत शक्ति समूहों से अभिव्यक्त विकास स्वभाव वाला उल्लास। ये इन्द्रियाँ है- श्रोत्र, चक्षु, नासिका, रसना और त्वक्। इन्हें ही चर्यापञ्चक कहा गया है।

तत्पश्चात् १२वें सूत्र के अन्तर्गत निर्निकेत परज्ञान प्रकाश के अवलम्बन द्वारा पुण्य और पापों की निवृत्ति की कथा वर्णित है, जहाँ पहुंचने के बाद साधक के लिए मोक्षादि करतलगतामलकवत् हो जाता है क्योंकि इस अवस्था में शुभाशुभकर्मफल और कर्मों का संश्लेष सदा के लिए मिट जाता है और ज्ञाता, ज्ञान, ज्ञेय रूप विकल्प के संकल्प कलंक से मुक्त, समग्रतया शान्त, निराश्रय, निराधार रूप व्यवहार उत्कृष्ट ज्ञान स्वभाव, क्रम और अक्रम से परे महागुरुओं से साक्षात्कृत महाबोध का उसे निश्चय हो जाता है तथा उसमें अच्युतवृत्ति की सतत स्फुरणा होने लगती है।

ग्रन्थ का अन्तिम सूत्र है- १३वाँ, जहाँ स्वरसिद्धों की मौनकथा का उद्घाटन किया गया है। इसका श्रीगणेश अकार से होता है। वह चतुर्विध है- हत, अनाहत, अनाहत हत और अनाहत हतोत्तीर्ण। ध्यातव्य है कि महाबोध के समावेश वाले वीरवर (साधक) का पुनः उत्तर जन्म नहीं होता। साधना के पथ पर इन चार रूपों में अभिव्यक्त

अकार का कथन शास्त्र सम्मत रीति से गुरुमुख द्वारा चर्या में ले आना अकथन है। तत्पश्चात् उच्चारणांगों के सहयोग से अकार से हकार पर्यन्त विविध वर्णों के द्वारा अर्थों का प्रकाशक हत है तथा इसी प्रकार अनाहतादि तीनों का भी गम्भीर विवेचन इस वृत्ति में किया गया है। आगे चलकर इनके आकारों, जाग्रतादि अवस्थाओं और पृथक्-पृथक् रूपों के साथ हतादि चारों का चारु विवेचन किया गया है ।

न केवल इतना ही प्रत्युत् रौद्री, वामा, अम्बिका और ज्येष्ठा स्वभाव वाले तुर्य, सुषुप्त, जाग्रत् और स्वप्न प्रभृति अवस्थाओं वाले अकार के पारम्परिक युक्ति विशेष का कथन भी यहाँ अभीष्ट है। इसी प्रकार आगे वीर्य (बल), अध्यनकथा बल, ध्यान बल, संक्रमण, प्राणपुर्यष्टक, आत्मस्वरूप की प्रतिपत्ति और निरुत्तर महासंवित् की सुन्दर चर्चा की गयी है।

तत्पश्चात् यहाँ एक अन्य व्याख्या भी की गयी है। जिसमें उपर्युक्त विषयों को अन्य रीति से उपस्थापित किया गया है। यहाँ पर महाविस्मय का चिन्तन करते हुए दर्प (अहंकार) के विनाशपूर्वक उसकी अनेक परिभाषाएँ प्रस्तुत की गयी हैं तथा सभी के अन्त में मौन का सम्यग् निरूपण द्रष्टव्य है, जहाँ त्रयोदश सूत्रों की कथा के कथन के अनुसार सामरस्य (जब खेचरी मुद्रा द्वारा सभी मुद्राओं को आत्मसात् कर लेने के कारण पूर्णतः मौन अवस्था में साधक डूब जाता है, तब) से खस्वरता का अभेद है अर्थात् खस्वरता ही सामरस्य है। 'ख' अर्थात् भाव शून्य को भी स्वतः व्याप्त कर लेने वाली। 'ख' स्वर के इसी स्वभाव को 'ख' स्वरता कहते हैं।

इस प्रकार संक्षेप में यहाँ चारों वेदों और छः दर्शनों में एकता स्थापित करने वाले सभी सम्प्रदायों का निष्कर्ष वर्णित है क्योंकि १३ सूत्रों के ज्ञानोपदेश द्वारा इस कृति में अनुत्तर शिव के साथ अद्वैत हो जाने से किसी अवधूत की पीठेश्वरियों (योगिनियों) के साथ महामिलन के समय गुरु के वक्राम्नाय के रूप में यह सूत्रबद्ध ज्ञान प्रकाशित किया गया है। जिसे अन्त में इस प्रकार कहा गया है कि- भवविभवविभाग (द्वैत) की भ्रान्ति से मुक्त किसी अनिर्वचनीय सत्ता द्वारा चित् संविद् के विस्तार के कारण अन्यों की सत्ता (द्वैत) के निरास से साहस (सामरस्य) की उल्लासमयी वृत्ति द्वारा वाक्प्रपञ्चों से रहित अनुपम परमरहस्य की सम्यग् रचना की गयी है।

इसलिए भगवान् परम शिव से प्रार्थना है कि वे सभी चराचर विश्व का कल्याण करें।

प्रकृत कृति का सुभावती संज्ञक भाषा-अनुवाद और सम्पादन करना अस्मद् सदृश संसारी जन के वश की बात नहीं थी क्योंकि एतादृश गम्भीर आध्यात्मिक कार्य महापुरुषों के आशीर्वाद से ही सम्पन्न हो पाते हैं। मेरा परम सौभाग्य है कि मुझे अनन्तश्रीविभूषित पश्चिमाम्नाय द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य परमपूज्य स्वामीश्री सदानन्द सरस्वतीजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त है। यदि आप लोगों की कृपा से मेरे कार्यकाल की वृद्धि न हुई होती तो सम्भवतः यह कार्य आगे न बढ़ पाता। आपने उत्साह देकर कार्य की अनुमति और प्रेरणा दोनों दी। परिणामतः यह साधना एवंविध आकार ले सकी।

एतावता हम आपके प्रति हृदय से कृतज्ञ हैं और आपको साष्टाङ्ग प्रणाम करते हैं। इसके अतिरिक्त इस कार्य के सहयोगी प्रो०बालकृष्ण शर्मा एवं भाई डॉ०शीतांशु रथ के प्रति भी मैं हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ, जिनके प्रयत्नों से कार्य को पूर्णता प्राप्त हो सकी।

**गुरुकृपाकांक्षी महामहोपाध्याय आचार्य**
**जयप्रकाश नारायण द्विवेदी**
**मानद निदेशक,**
**श्रीद्वारकाधीश संस्कृत एकेडमी,**
**द्वारका-३६१३३५ (गुजरात)**

ॐ नमः संविद्वपुषे परमशिवाय।

अथ श्रीवातूलनाथसूत्राणि।
श्रीमदनन्तशक्तिपादविरचितवृत्तिसमेतानि।

सङ्घट्टघट्टनबलोदितनिर्विकारशून्यातिशून्यपदमव्ययबोधसारम्।
सर्वत्र खेचरदृशा प्रविराजते यत् तन्नौमि साहसवरं गुरुवक्त्रगम्यम्॥१॥

सर्वोल्लङ्घनवृत्त्येह निर्निकेतोऽक्रमक्रमः।
कोऽप्यनुत्तरचिद्व्योमस्वभावो जयतादजः॥२॥

श्रीद्वातूलनाथस्य हृदयाम्भोधिसम्भवम्।
पूज्यपूजकपूजाभिः प्रोज्झितं यन्नमामि तत्॥३॥

येनेह सर्ववृत्तीनां मध्यसंस्थोऽपि सर्वदा।
महाव्योमसमाविष्टस्तिष्ठाम्यस्मिन्निराविलः॥४॥

तमपूर्वमनावेशमस्पर्शमनिकेतनम्।
संविद्विकल्पसङ्कल्पघट्टनं नौम्यनुत्तरम्॥५॥

योगिनीवक्त्रसम्भूतसूत्राणां वृत्तिरुत्तमा।
केनापि क्रियते सम्यक्परतत्त्वोपबृंहिता॥६॥

इह किल षड्दर्शनचतुराम्नायादिमेलापपर्यन्तसमस्तदर्शनोत्तीर्णकथ्यमपि श्रीमद्वातूलनाथस्य पीठैश्वर्य-उच्छुष्मपादौघमुक्त्वा तदनु परमरहस्योपबृंहितत्रोयदशकथासाक्षात्कारदृशा क्रमाक्रमास्तिनास्तितथ्यातथ्यभेदाभेदसविकल्पनिर्विकल्पभवनिर्वाणकलङ्कोज्झितं किमप्यनवकाशं परं तत्त्वं सूत्रमुखेनादिशन्ति यत्रेदमादिसूत्रम्

**महासाहसवृत्त्या स्वरूपलाभः ॥१ ॥**

अतितीव्रातितीव्ररविश्रृङ्खलशक्तिपाताघ्रातस्य स्वस्वरूपसमाविष्टस्य कस्यचित् क्वचित् कदाचित् अकस्मादेव 'महासाहसवृत्त्या' घस्मरमहाघनतरपरनादोल्लासस्फारेण सविकल्पनिर्विकल्पात्मकसमस्तसंविन्निवहघट्टनान्निरावरणमहाशून्यतासमावेशनिष्ठया 'स्वरूपलाभः' समस्तकल्पनोत्तीर्णत्वादकृतकनिरवकाशनिरुत्तरनिस्तरङ्गनिरवधिनिर्निकेतास्पर्शसंवित्प्राप्तिर्भवति- इति रहस्यार्थः। महासाहसवृत्त्यानुप्रवेशश्च वक्ष्यमाणकथितक्रमेणाधिगन्तव्यः ॥१ ॥

**तल्लाभा(च्छुरिता यु)द्युगपद्वृत्तिप्रवृत्तिः ॥२ ॥**

वृत्तीनां दृगादिमरीचिरूपाणां तथा रागद्वेषाद्युन्मेषवतीनां 'युगपत्' तुल्यकालं क्रमपरिपाट्युल्लङ्घनेन अक्रमप्रवृत्त्या 'तल्लाभाच्छुरिता' तत्तेन प्रागुक्तमहासाहससदशासमावेशक्रमप्राप्येण स्वरूपलाभेन कालाकालकल्पनोत्तीर्णालग्रासवपुषा महानिरीहेणाच्छुरिता स्पृष्टा स्वस्वरूपतां नीता 'प्रवृत्तिः' प्रकर्षेण वर्तमाना वृत्तिः सततमच्युततया तत्समावेशेनावस्थानमित्यर्थः। इत्यनया उक्तिभङ्ग्या सर्ववृत्तीनां समनन्तरमेव सर्वोत्तीर्णमहाशून्यताधाम्नि धामरूपे तन्मयतया परस्परविभेदविगलनेन उदयपद्व्यामेव सततमवस्थितिः स्थितेत्यर्थः ॥२ ॥

इत्यनया उक्तिभङ्ग्यातुल्यकालकथनोपदेशमुक्त्वा, इदानीं पुस्तककथां निरूपयन्ति-

**उभयपट्टोद्घट्टनान्महाशून्यताप्रवेशः ॥३ ॥**

श्रीमन्निष्क्रियानन्दनाथानुग्रहसमये श्रीगन्धमादनसिद्धपादैरकृतकपुस्तकप्रदर्शनेन या परपदे प्राप्तिरुपदिष्टा सैव वितत्य निरूप्यते। सप्तरन्ध्रक्रमोदितसप्तशिखोल्लासात्मकः प्राणप्रवाहोदयः स एवोर्ध्वपट्टकः पूर्णवृत्त्युदयः, रन्ध्रद्वयसुषिरनालिकाप्रवाहप्रसृतोऽपानरूपोऽधःपट्टकः पञ्चेन्द्रियशक्तिवेष्टितः पञ्चफणधर्मानिबन्धकोऽधःस्थितः। तस्य वलयद्वयं जाग्रत्स्वप्नात्मकमुन्मुद्य ग्रन्थिनिबन्धनमपहृत्य 'उभयपट्टोद्घट्टनामत्' प्राणापानद्वयविदारणात् मध्यवर्ती यः प्राणरूपो महाशून्यतास्वभावः कुलाकुलविकल्पदशोज्झितोऽव्यपदेश्यमहानिरावरणनिरत्ययवेद्यवेदकनिर्मुक्तो वर्णावर्णनिवर्णोत्तीर्णः स्पर्शास्पर्शप्रथापरिवर्जित उपचारात्परमाकाशाद्यभिधानैरभिधीयते। तत्र 'प्रवेशः' तत्समावेशतया सामरस्यावस्थितिः स एव प्राप्तमहोपदेशनामाविर्भवतीत्यर्थः ॥३॥

इत्थं महानयोक्तदृशा सर्वशास्त्रप्रपञ्चोत्तीर्णत्वादवाच्यं किमपि महोपदेशसाक्षात्कारमुभयपट्टकाकारसदसद्रूपद्वयनिवारणेन निस्तरङ्गपरव्योमसमावेशसर्वावेशविवर्जितमासूत्रितमहाशून्यतासमावेशमावेद्य, इदानीं युग्मोपसंहारात् कैवल्यफलं तन्मयतया उपवर्ण्यते-

**युग्मग्रासान्निरवकाशसंविनिष्ठा ॥४॥**

पृथिव्यादिमहाभूतपञ्चकस्य एकैकस्मिन् ग्राह्यग्राहकतया युग्मवृत्त्युदयसंव्यस्थितिः। तत्र गन्धप्राधान्यात् धरातत्त्वस्य पायुघ्राणरूपेण द्विप्रकारता। अप्तत्त्वस्य च रसप्रधानतयोपस्थरसनारूपेण द्वैविध्यम्। तेजस्तत्त्वस्य रूपप्राधान्यात् पादनेत्रभेदेन द्वयरूपता। वायुतत्त्वस्य स्पर्शप्राधान्यात् त्वक्पाणिस्वभावतो द्विधा गतिः। आकाशतत्त्वस्य शब्दप्राधान्यात् वाक्छ्रोत्रभेदेन द्विप्रकारतयैव

बहुधात्वम्। अथवा पृथिव्यप्स्वरूपौ भोग्यस्वरूपाववस्थितौ। तेजोवाय्वाख्यौ भोक्तृस्वभावौ संस्थितौ। आकाशं चैतद्युग्मान्तरस्थं सत्सुषिरतया सर्वप्रनाडिकान्तरोदितं च बहुधा विभक्तम्। पृथिव्यादिवाय्वन्तं भूतचतुष्टयं भोग्यरूपमाकाशं च भोक्तृस्वभावमिति वा। भोग्येऽपि भोक्ता सदैव तिष्ठति; भोक्तर्यपि भोगो नित्यं विभाति। एवमुक्तयुक्त्या प्रत्येकं पृथिव्यादिमहाभूतपञ्चकं युग्मेन द्वयविभूत्या अनारतं प्रोल्लसतीत्यभिप्रायः। अथवा प्रत्येकं व्यक्ताव्यक्ततया बहिरन्तरतया शान्तोद्रिक्ततया वा विभाति। एतत्पञ्चकस्थानसंस्थितयुग्मस्य 'ग्रासात्' संहरणात् 'निरवकाशसंविन्निष्ठा' निरवकाशा येयं संवित् तस्या निष्ठा सम्यगविपर्यस्ततया संस्थितिः। निरवकाशसंवित्त्वेन नापि सविकल्पसंविदुनमेषैरवकाशो लभ्यते, नापि निर्विकल्पसंवितस्वभावेन प्रवेशोऽधिगम्यते। इत्थमप्रमेयतवान्निरुततपरमाद्वयस्वभावत्वाच्च निरवकाशसंविदिहोच्यते। तस्या निष्ठा वरगुरुप्रदर्शितदृशा सततमच्युता गतिः केषाञ्चिद्भवतीत्यर्थः। एवं द्वयात्मककुलकौलकवलनेन निरुपाधिनीरूपनिःस्वरूपतादात्म्यं भवतीत्यर्थः ॥४॥

द्वयविगलनेन परतत्त्वावस्थितिं युग्मचर्चागमनिकया इह उक्त्वा, तदनु सङ्घट्टकथासाक्षात्कारो निरूप्यते-

**सिद्धयोगिनीसङ्घट्टान्महामेलापोदयः ॥५॥**

सिद्धाश्च योगिन्यश्च ताः सिद्धयोगिन्यः विषयकरणेश्वरीरूपाः। तासां सङ्घट्टः सङ्गमो ग्राह्यग्राहकोभयसंश्लेषः परस्परागूरणक्रमेणालिङ्गनम्। तेन आलिङ्गनेन सदैव 'महामेलापोदयः' महामेलापस्याहन्तेदन्तात्मकद्वयविगलनात् निरुत्तरचिद्व्योम्नि सततं

महासामरस्यात्मकस्य सर्वत्र प्रत्यक्षतया उदयः समुल्लासो भवति इत्यर्थः। वैद्यवेदकद्वयाप्रथनप्रवृत्त्या परमाद्वयसमावेशः सर्वत्रावस्थित इत्युक्तं भवति भवति ॥५॥

उभयविगलनेन सदैव महामेलापोदयमुक्त्वा, तदनु कञ्चुकत्रयोल्लङ्घनेन निरुत्तरपदप्राप्तिं कटाक्षयन्ति-

**त्रिकञ्चुकपरित्यागान्निराख्यपदावस्थितिः ॥६॥**

त्रिकञ्चुकस्य भाविकभौतिकशून्यभेदभिन्नस्य। तत्र भाविकं शब्दाद्यहङ्कारपर्यन्तं तन्मात्ररूपं, भौतिकं पृथिव्यादिरूपं, शून्यं निरीहाख्यं वासनास्वरूपं च। अथवा भाविकं घटाकारं बाह्यं ग्राह्यविषयरूपं, शून्यं तदुभयमध्यमाकाशम्। अथवा भाविकं स्वप्नावस्था सृष्टिरुच्यते, भौतिकं जाग्रत्प्रथा स्थितिर्निगद्यते, शून्यं सुषुप्तदशा संहारोऽभिधीयते। इत्थं संस्थितस्य त्रिकञ्चुकस्य 'परित्यागात्' सन्न्यासात् 'निराख्यपदावस्थितिः' निर्गता आख्या अभिधानं यस्य असौ निराख्यः अव्यपदेश्यमनुत्तरं वागुत्तीर्णं परं धाम, तस्मिन् सर्वोत्तीर्णानिकेतनपरमाकाशेऽवस्थितिः सदैव अपरिच्युतस्वभावनिष्ठा भवतीति सम्बन्धः ॥६॥

इत्थं कञ्चुकत्रयोल्लङ्घनेन तुर्यपदप्राप्तिं निरूप्य, इदानीं सर्ववाक्प्रथासु निरावरणासु स्वरभूतिविजृम्भैव प्रथते सदैव इति निरूपयन्ति-

**वाक्चतुष्टयोदयविरामप्रथासु स्वरः प्रथते ॥७॥**

आदौ तावत् वाक्चतुष्टयं निर्णीयते। निरावरणनिरवकाशोदयनिरुत्तरस्तरङ्गपरमनभसि

उच्छलत्किञ्चिच्चलनात्मकप्रथमस्पन्दविकासस्वभावा वर्णरचनां मयूराण्डरसन्यायेन अद्वयमहासामरस्यतया अन्तर्धारयन्ती परेति प्रथिता। सैव च अनाहतनादस्वरूपतामवाप्ता निर्विभागधर्मिणी समस्तवर्णोदयं वटधानिकावदन्तर्धारयन्ती द्रष्टृस्वभावा पश्यन्तीति व्यपदेश्या। सैव च सङ्कल्पविकल्पनिवहनिश्चयात्मबुद्धिभूमिं स्वीकृतवती वर्णपुञ्जं शिम्बिकाफलन्यायेन अन्तर्धारयन्ती मध्यमा इत्यभिहिता। सैव हृत्कण्ठताल्वादिस्थानकरणक्रमेणाहता सती वर्णविभवमयश्लोकादिवत् भेदरूपं प्रकटयन्ती रूपादिसमस्तविश्वप्रथां च व्यक्ततामापादयन्ती वैखरीत्युक्ता। इत्थं निरवकाशात् संवित्पदात् वाक्चतुष्टयमविरतमनिरोधतया प्रथते। एवमीदृक्स्वभाववाक्चतुष्टयस्य उदयश्च विरामश्च तावुदयविरामौ सृष्टिसंहारौ, तयोः प्रथा व्यक्ताव्यक्ततया सदैव अविरतमुल्लसन्त्यः स्फुरन्त्यः, तासु 'स्वरः' अनाहतहतोत्तीर्णमहानादोल्लासविकासस्वभावः 'प्रथते' सविकल्पनिर्विकल्पसंविदुत्तीर्णपरवियदुदयमेव प्रकाशितं सततमकरणप्रवृत्त्या प्रयातीत्यर्थः। इत्थं नानाभेदोल्लासप्रकाशरूपेषु वर्णनिवहोदयेषु मध्यात् प्रतिवर्णान्तरे वाक्चतुष्टयक्रमेण अखण्डितवृत्त्या स्वस्वरूपमपरित्यज्य यथामुखोपदिष्टनीत्या स्वर एव प्रथते, इत्युक्तं भवति ॥७ ॥

इति वाक्चतुष्टयोदयक्रमेण निरावरणस्वरोदयः सर्वत्र सर्वकालं स्फुरति, इति निरूप्य, इदानीं रसत्रितयाभोगे सति परं धामैव निरुत्तरं चकास्ति, इति निगद्यते-

**रसत्रितयास्वादनेनानिच्छोच्छलितं विगतबन्धं परं ब्रह्म ॥८ ॥**

रसत्रयं गुरुमुखोदितदृशा मनागीषत् प्रकाश्यते। मूलाधारपयोधराधारप्रथिताकृत्रिमरसत्रितयाभोगे सति 'अनिच्छोच्छलितं' निष्कामतया प्रोल्लसितं 'विगतबन्धं' विरहितभेदप्रथात्मकसंसारावग्रहं शान्तचित्रोभयविधब्रह्मस्वरूपसमुत्तीर्णं किमपि निरुत्तरप्रकृष्टतरामर्शसंवित्स्वभावं परं ब्रह्मैव सततमनस्तमितस्थितया विजृम्भत इत्यर्थः। एतदेव रहस्यक्रमेणोच्यते। मूलाधारस्तु प्रथमप्रतिभोल्लासमहानादविशेषः सृष्टिस्वभावः भेदाभेदात्मकसंवित्पदार्थप्रथमाश्रयभित्तिभूतत्वात्। पयोधरस्तु पयः समस्ताप्यायकत्वात् सर्वाश्रयसंवित्स्वरूपं तदेव धारयति स्थितिप्ररोहमवलम्बयति यः स्पन्द आद्योन्मेष एव सर्वपदार्थावभासनात् स्थितिरूपः। आधारस्तु जडाजडभावपदार्थोपसंहारकत्वात्प्रत्यावृत्तिसंवित्स्वभावः संहारः। एतत्त्रयोद्भूतं रसरूपं तत्तदनुभवचमत्कारसामरस्यमास्वाद्य स्वात्मनि अकृतकखमुद्रानुप्रवेशात् विमृश्य, तुर्यस्वभावो महासंहाराख्योऽनवरतं परमाद्वयतया विभातीति रहस्यार्थः ॥८॥

एवं निरवकाशभङ्ग्या रसत्रितयचर्चासम्प्रदायं निरूप्य, इदानीं देवीचतुष्टयकथासाक्षात्कारः प्रकाश्यते-

**देवीचतुष्टयोल्लासेन सदैव स्वविश्रान्त्यवस्थितिः ॥९॥**

देवीचतुष्टयं क्षुत्तृडीर्ष्यामननाख्यम्। तत्र च सर्वग्रासनिरतत्वात् क्षुदेव महासंहारः। सर्वशोषकत्वात् तृडेव संहारः। ईर्ष्या द्वयप्रथापादिका ग्राह्यग्राहकपरिग्रहग्रथिता स्थितिरूपा। मनना च सङ्कल्पविकल्पोल्लासरूपा सृष्टिः। एतद्रूपस्य देवीचतुष्टयस्य च 'उल्लासेन' घस्मरसंवित्प्रवाहप्रवृत्त्या प्रथनेन 'सदैव' सर्वकालं प्रत्येकं

चातुरात्म्येनोद्योगाभासचर्वणालङ्गासवपुषा स्वस्वरूपावस्थितिः पञ्चमपदातिशायिनी निरवकाशसंविन्निष्ठा स्थितेत्यर्थः ॥९॥

इत्यनेन सूत्रेण देवीचतुष्टयकथाक्रमं प्रकाश्य, इदानीं द्वादशवाहचक्ररहस्यं निरूप्यते-

**द्वादशवाहोदयेन महामरीचिविकासः ॥१० ॥**

मनःसहितं श्रोत्रादिबुद्धीन्द्रियपञ्चकं, तथा बुद्धिसहितं वागादिकर्मेन्द्रियपञ्चकम्, एतदुभयसमूहो 'द्वादशवाहः'। तस्य उल्लासः अहेतुकेन केनापि अतिविशृङ्खलतरधामनिरुत्तरनिस्तरङ्गपरस्वातन्त्र्यवृत्त्या घस्मरसंवित्प्रवाहः। तेन महामरीचीनां निरावरणक्रमेण प्रत्येकस्मिन् प्रवाहे उद्योगावभासचर्वणालङ्गासविश्रान्तिरूपाणां महासंविद्रश्मीनां 'विकासः' नियतानियतचिदचित्प्रथाविगलनेन नित्यविकस्वरस्वभावो महाप्रबोधः सततमविनश्वरतया सर्वत्र सर्वतः सर्वदैव स्थित इति महावाक्यार्थः ॥१० ॥

इत्यकरणसिद्धं सदैव निरावरणपदसमावेशं द्वादशवाहोदयदृशा प्रकाश्य, इदानीं चर्यापञ्चकसम्प्रदायं निरूपयन्ति-

**चर्यापञ्चकोदये निस्तरङ्गसमावेशः ॥११ ॥**

चर्चापञ्चकं त्वनाश्रितावधूतोन्मत्तसर्वभक्ष्यमहाव्यापकस्वरूपम्। तस्य उदयो नियतानियतशक्तिसमूहान्तरोदितो विकासस्वभाव उल्लासः। तस्मिन्सति 'निस्तरङ्गसमावेशः' आणवशाक्तशाम्भवोदयरूपसमस्ततरङ्गपरिवर्जितसमावेशलक्षणनिरुत्तरसमावेशधर्मैव प्रथत इत्यर्थः। चर्यापञ्चकक्रमं च वितत्य निरूपयामि। तत्र

अनाश्रिता निराधारत्वात् परमाकाशरूपा श्रोत्रसुषिरप्रदेशगमनेन स्वग्राह्यवस्तूपसंहरणाय उद्गता। अवधूता च अनियततया सर्वत्रविहरणदृक्शक्तिमार्गेण स्वसंहार्यस्वीकरणाय उन्मिषिता। उन्मत्ता च विचित्तावत्स्वतन्त्रतया ग्राह्याग्राह्यसम्बन्धविवक्षया स्वविषयग्रहणाय प्रथिता। सर्वभक्ष्याभक्ष्यसंस्कारनिखिलकवलनशीला स्वसंहार्यपदार्थग्रसनाय उदिता। सर्वव्यापिका च त्वग्वृत्तिगमनिकया निखिलव्यापकत्वात् अशेषस्पर्शस्वीकरणाय उन्मिषिता, इति चर्यापञ्चकोदयः ॥११॥

सततसिद्धचर्याक्रमं निरूप्य, इदानीं निर्निकेतपरज्ञानप्रकाशावलम्बनेन पुण्यपापनिवृत्तिकथां निरूपयन्ति-

**महाबोधसमावेशात्पुण्यपापासम्बन्धः ॥१२॥**

'महाबोध' च ज्ञातृज्ञानज्ञेयविकल्पसङ्कल्पकालुष्यनिर्मुक्तो निःशमशमानिकेतनिर्धामधामप्रथात्मकः परतरज्ञानस्वभावः क्रमाक्रमोत्तीर्णत्वात् महागुरुभिः साक्षात्कृतः। तस्य 'समावेशः' अकरणक्रमेण यथास्थितसन्निवेशेन त्यागस्वीकारपरिहारतः सततमच्युतवृत्त्या तद्रूपेण स्फुरणम्। तस्मात् 'महाबोधसमावेशात्' पुण्यपापयोः शुभाशुभलक्षणकर्मणोर्द्वयोः स्वफलद्वयवितरणशीलयोः 'असम्बन्धः' असंश्लेषः असंयोगश्च अनवरतं जीवत एव वीरवरस्य अपश्चिमजन्मनः कस्यचित्सर्वकालमकृतकानुभवरसचर्वणसन्तृप्तस्य भवभूमावेव बन्धमोक्षोभयोत्तीर्णमहामुक्तिः करतलामलकवत् स्थितेत्यर्थः ॥१२॥

स्वस्वरूपप्राप्तिपूर्वकं पुण्यपापतिरस्कारचर्याक्रममुक्त्वा, इदानीं स्वरसिद्धमौनकथामुद्घाटयन्ति-

**अकथनकथाबलेन महाविस्मयमुद्राप्राप्त्या खस्वरता ॥१३ ॥**

अकथनकथाबलं गुरुमुखोपदिष्टसम्प्रदायक्रमेण मनागिह चर्च्यते। अस्य अकारस्य हतानाहतानाहतहतानाहतहतोत्तीर्णतया चतुर्धोदितरूपस्य कथनं वक्राम्नायचर्यासन्निवेशनमित्यकथनम्। तत्र हतस्तावत् कथ्यते- हृत्कण्ठताल्वादिस्थानकरणसन्ननिवेशैर्हतः अकारादिहकारपर्यन्तनानापदार्थावभासकः। अनाहतश्चास्वरमूलोल्लसितपरनादविस्फारस्तन्त्रीमध्यमास्वरसङ्केतक आकण्ठकूपान्तादुपचारतः कृतप्रतिष्ठः। अनाहतहतश्च उभयाश्रितोन्मिषितोऽहतो विश्रान्तशष्कुलीश्रवणगोपनोद्भिन्नपथः श्रवणयुग्ममध्यवर्त्याकाशात् तत्त्वप्रतिबिम्बतत्त्वदेहतोऽपि हतोऽनाहतहतः। अनाहतहतोत्तीर्णश्च महानिरावरणधामसमुल्लसितोऽविकल्प ईषच्चलत्तात्मकमहास्पन्दप्रथमकोटिरूपः स्वरः सङ्कोचविकासविरहात् परमविकासरूपः अस्पर्शधर्मानुच्चार्यमहामन्त्रप्रथात्मकः। तथा च अनाहतहतोत्तीर्णो यः स शृङ्गाटकाकारो रौद्रीस्वभावस्तुर्यः। अनाहतहतश्च अनच्ककलात्मकवक्रसंस्थानो वामारूपः सुषुप्तः। अनाहतश्च बाहुरूपाम्बिकाशक्तिर्या आगमे निरूपिता तत्स्वरूपः स्वप्नः। हतश्चायुधाकारो ज्येष्ठास्वभावो जाग्रत्। इत्येतच्चतुष्टयस्वभावस्य आद्यवर्णस्य कथनं पारम्पर्यमुखयुक्तिविशेषः। तस्य बलं हतादिरूपत्रयोल्लसितानाहतहतोत्तीर्णरावस्फुरत्तारूपं वीर्यं तेन 'अकथन-कथाबलेन'। तत्रैवमकथनं वाक्प्रपञ्चोत्तीर्णमकथनमेव कथनं

सङ्क्रमणक्रमेण निर्निकेतस्वरूपावधानं तदेव बलमकृतकस्फारसारम्। तेन सङ्क्रमणं च मनागिह वितन्यते। प्राणपुर्यष्टकशून्यप्रमातृनिविष्टाभिमानविगलनेन निस्तरङ्गप्रविकचच्चिद्धामबद्धास्पदो दैशिकवरो निःस्पन्दानन्दसुन्दरपरमशून्यदृग्बलेन कार्यकरणकर्मनिरपेक्षतया यद्यत्किञ्चित्सर्वगतात्मस्वरूपप्रतिपत्तौ अवलोकयति तत्तत्परतरचिन्मयमेव सततं भवति, इति नास्त्यत्र सन्देहः। तथा चान्यद्व्याख्यान्तरमाहकथनं तावत् षड्दर्शनचतुराम्नायमेलापक्रमसमूहेषु पूजनक्रमोदितनियतानियतदेवताचक्रावलम्बनेन स्फुरति। इह पुनः पूज्यपूजकपूजनसम्बन्धपरिहारेण श्रीमद्वातूलनाथादिसिद्धप्रवरवक्राम्नायदृशा सततसिद्धमहामरीचिविकास एव सर्वोत्तीर्णस्वरूपाविभिन्नः सर्वदैव सर्वत्र विराजते, इत्यकथनकथाबलं तेन महाविस्मयप्राप्तिर्भवतीति सम्बन्धः। 'महाविस्मयः' च विगतो विनष्टः स्मयो मितामिताहङ्कारदर्पः सर्वोल्लङ्घनवृत्त्या स्वरूपानुप्रवेशः। अथ च महाविस्मयः स्वपरभेदविस्मरणात् झटिति निरन्तरनिरर्गलखेचरवृत्तिसमावेशः। सैव सर्वमुद्राणां क्रोडीकरणात् 'मुद्रा' तस्या मौनपदसमावेशमयता। तया हेतुभूतया 'खस्वरता' त्रयोदशकथाकथनसामरस्यात्मकः खस्वरस्तस्य भावः सामरस्यप्रथनं भवतीत्यर्थः। खस्वरस्तु खमपि भावशून्यमपि स्वेन राति व्यान्पनोति स्वीकरोति आदत्ते, इति खस्वरः ॥१३॥

षड्दर्शनचातुराम्नायिकसर्वमेलापकथात्रयोदशकथासाक्षात्कारोपदेशभङ्ग्यानुत्तरपदाद्वयतया कस्यचिदवधूतस्य पीठेश्वरीभिर्महामेलापसमये सूत्रोपनिबद्धो वक्राम्नायः प्रकाशितः। तस्यैवेह मनाक् सतामवबोधार्थमस्माभिर्वृत्तिरयं कृता इति शिवम्।

इति परमरहस्यं वाग्विकल्पौघमुक्तं
भवविभवविभागभ्रान्तिमुक्तेन सम्यक् ।
कृतमनुपरमुच्चैः केनचिद् विद्विकासा-
दकलितपरसत्तासाहसोल्लासवृत्त्या ॥

समाप्तेयं श्रीमद्वातूलनाथसूत्रवृत्तिः ।

कृतिः श्रीमदनन्तशक्तिपादानाम् ।

## सुभावती हिन्दी भाषाटीका

शिव और शक्ति के परस्पर उन्मुखीभाव (स्फुरत्ता) से उत्पन्न निर्विकार अनाहत में अवस्थित, शाश्वत ज्ञान के सारभूत चैतन्याकाश की दृष्टि से सर्वत्र विराजमान गुरुमुख से प्राप्तव्य अनुपाय (आनन्द योग) को प्रणाम करता हूँ ॥१ ॥

- **शिव**

परमशिव का प्रथम स्पन्द ही शिव तत्त्व है। इसमें केवल अहं का आभास होता है। अहम् का विमर्श परमशिव में होता है, यही शक्ति है। परमशिव के ही शिव और शक्ति दो तत्त्व हैं। परमशिव का स्वरूप-संकोच ही शिव है, यह ज्ञानप्रधान है। परमशिव का इच्छा प्राधान्य ही शक्ति है। आनन्द इच्छा का उद्वेलन है। अतः शिव ज्ञान या प्रकाशरूप और शक्ति आनन्दरूपा है।

- **शून्य**

**शून्यस्पर्शः तथा नादो ध्वनिर्बिन्दुस्तथैव च।**
**शक्तिर्बीजोक्षरश्चैवेत्यष्टधाऽनाहतः स्मृतः ॥**

- **खेचर**

वह व्यक्ति जिसने आध्यात्मिक क्षेत्र में प्रगति कर लीया है और चैतन्याकाश में निरन्तर गतिशील रहता हुआ निवास करता है।

- **साहस**

यह एक प्रकार का शक्तिपात है। गुरु किसी उत्तम पात्र को जब कृपा करके कहता है कि तुम प्रकाश परिपूर्ण स्वयं शुद्ध संवित् हो, समस्त उपाय तुम्हारी अपेक्षा मलिन हैं। वे तुम्हें प्रकाशित करने में असमर्थ हैं। अतः उपाय की अपेक्षा किये बिना ही अपनी अन्तरात्मा में परमशिवता का स्फुरण (विमर्श) करो- इस प्रकार का उपदेश सुनकर साधक शिष्य में, गुरुकृपा, दृष्टिपात, हस्तपादस्पर्श उसके दिये प्रसाद आदि के भक्षण से शिवभाव के समावेश का अनुभव होने लगता है। इसे ही शास्त्रों में अनुपाय समावेश कहा गया है। यह आनन्दयोग भी कहा जाता है।

दृश्यमान जगत् से अनिर्लिप्त संसार का आश्रय न लेने वाले, सृष्टि, स्थिति, संहार के क्रम राहित्य को ही क्रम का रूप देने वाले, परमशिव के चिदाकाश की प्रकृतिवाले ज्ञानरूप में सदा विद्यमानता के कारण अज रूप गुरु की जय हो॥२॥

- **क्रम**

क्रम दर्शन में सृष्टि, स्थिति और संहार को क्रम कहा गया है। किन्तु काली के शक्ति स्वातन्त्र्य में इनका कोई क्रम नहीं है। यही अक्रम क्रम है।

श्रीमान् वातूलनाथ के हृदय सागर से उत्पन्न उपदेश जिसमें पूज्य और पूजक भाव की उपेक्षा कर दी गयी है, को प्रणाम करता हूँ॥३॥

उसी उपदेश के कारण सारी क्रियाओं के संसार में स्थित होने पर भी परमशिव में समाविष्ट होने के कारण निर्मल निष्कलङ्क रूप में यहाँ (जगत् में) स्थित हूँ॥४॥

उन अनुत्तर (परम शिव) को प्रणाम करता हूँ, जो अपूर्व, अनावेश, स्पर्शरहित, निराधार हैं, इच्छा, ज्ञान और क्रिया का स्फुरण जिनमें हो रहा है ॥५॥

योगिनी के मुख से सम्भूत सूत्रों की, शिवतत्त्व से समृद्ध वृत्ति, भलीभाँति, किसी अनिर्वचनीय शक्ति द्वारा निष्पन्न की जा रही है ॥६॥

श्रीमान् वातूलनाथ की पीठेश्वरियाँ (योगिनियाँ) छः दर्शन, चारों वेद और इनके मिश्रण से (रचित) समस्त दर्शनों से परे उच्छुष्मपादौघ को कहकर, उसके अनन्तर परम रहस्यों से भरे हुए त्रयोदश सूत्रों की प्रत्यक्ष उपस्थापना द्वारा क्रम-अक्रम, अस्ति-नास्ति, तथ्य-अतथ्य, भेद-अभेद, सविकल्प-निर्विकल्प, भव-निर्वाण के कलङ्क से रहित किसी अनुत्तर परतत्त्व का उपदेश सूत्रों के माध्यम से कर रही हैं।

## सूत्र-१

**महासाहसवृत्त्या स्वरूपलाभः ॥१॥**

महासाहस के द्वारा स्वरूप लाभ होता है।

अति तीव्र और अति तीव्रतर निर्बाध शक्तिपात को प्राप्त किए हुए अपने आत्म स्वरूप में समाविष्ट किसी को भी, कहीं भी, किसी भी समय महासाहस क्रिया द्वारा हृदय स्थान में उत्पन्न घनीभूत नाद (मध्यमावाक्) के उल्लास द्वारा, सविकल्पक और निर्विकल्पक भाव से परिपूर्ण समस्त चेतनाओं के अभ्यास के त्याग (हलचल) से आवरण रहित महाशून्य में समावेश हो जाने से आत्मतत्त्व की प्राप्ति होती है,

इसका तात्पर्य यह है कि समस्त कल्पनाओं से परे, क्षोभ रहित, असीम, निराधार, स्पर्श शून्य चैतन्य (चिति) की प्राप्ति हो जाती है।

- **साहस**

इन्द्रियबल को ओज और मानसिकबलको सहः कहा जाता है। मानसिकबलसे निवृत्ति कर्म साहस होता है। कहने की आवश्यकता नहीं प्रतीत होती है कि गुरुप्रदत्त दीक्षामन्त्र का जप, ध्यान, कुण्डली जागरण आदि साहस ही है। गुरु के बताये मार्ग से परमशिव तक की यात्रा और गुरु तक पहुँचना भी साहस का ही एक रूप है।

**सहसा क्रियते कर्म यत्किञ्चित् बलदर्पितैः।**
**तत्साहसमिति प्रोक्तं सहो बलमिहोच्यते॥**

**मनुष्यमारणं चौर्यं परदाराभिमर्षणम्।**
**पारुष्यमभयञ्चेति साहसं स्याच्चतुर्विधम्॥**

- अतितीव्रा

गुरु द्वारा प्रदीयमान दीक्षा के स्थूलतः दो भेद हैं- बाह्य और आभ्यन्तर। क्रिया दीक्षा बाह्य होती है और वेद्य आभ्यन्तरीय दीक्षा है। इसे मानसी दीक्षा भी कहते हैं। मनोदीक्षा तीव्रा और तीव्रतरा दो प्रकार की होती है। गुरु शिष्य के अङ्गों में, जानु, नाभि, हृदय, कण्ठ, तालु और मूर्धा में, भुवन, तत्त्व, कला वर्ण, पद, मनु इन छः अध्वाओंका स्मरण करते हुए गुरूपदिष्ट पद्धति से वेद्य करता है। इससे शिष्य पापमुक्त होता है। इस दीक्षा को ही तारतम्य के कारण तीव्रा, तीव्रतरा या अतितीव्रा, अतितीव्रतरा कहा जाता है। इस प्रकार की

दीक्षा से शिष्य में शक्तिपात होता है। वेद्य दीक्षा होने के नाद, आनन्द, कम्प, उद्भव, घूर्णा, निद्रा, मूर्च्छा, ये छः गुण शिष्य में दिखाई पड़ते हैं।

- सविकल्पक-निर्विकल्पक

जिसमें विशेष्य-विशेषणभाव द्वैत या भेद बुद्धि की प्रतीति हो, वह सविकल्पक है और जिसमें भेद, द्वैत मिट गया हो, वेद्य-वेदक, पूज्य-पूजक भाव का विगलन हो गया हो, वह निर्विकल्पक है। योगियों की निर्विकल्पक समाधि की ही तरह यह अवस्था है।

- महाशून्य

शून्य आकाश का वाचक है, आकाश ब्रह्म का भी वाचक है। इसलिए महाशून्य का तात्पर्य परमशिव से हो सकता है किन्तु बाद की व्याख्या से पता चलता है कि प्राण और अपान को नियमित कर लेने पर शरीराभ्यन्तरवर्ती जो जो प्राण है, वही महाशून्य है।

**तल्लाभा(च्छुरिता यु)द्युगपद्वृत्तिप्रवृत्तिः ॥२॥**

स्वरूपलाभ होने से तत्काल भेद बुद्धि का विगलन हो जाता है और स्वरूप में अवस्थिति हो जाती है॥२॥

वृत्तियाँ, मरीचिरूप दृगादि, राग द्वेष आदि उन्मेष, क्रम परम्परा के उल्लङ्घन द्वारा, पहले कहे हुए अनुपाय समावेश द्वारा प्राप्य स्वरूपलाभ से जिसमें काल और अकाल की सृष्टि से परे, सबको अपने में समेट लेने वाले महानिरीह परमशिव के साथ तत्काल

सामरस्य की स्थिति बन जाती है। अपने स्वरूप को प्राप्त हुई विशेष प्रकार की वृत्ति ही प्रवृत्ति है। फिर उस स्थान से च्युति नहीं होती है। उस सामरस्य की अवस्था में, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध, राग, द्वेष, इच्छा, ज्ञान, क्रिया का अनुत्तर तत्त्व में तन्मयी भाव के कारण परस्पर विशिष्ट भेदों का विगलन हो जाता है। जिस परमशिव का उदय हो गया है, उसी में सतत अवस्थान हो जाता है ॥२ ॥

- सामरस्य

इसका तात्पर्य है कि गुरु द्वारा उपदिष्ट मार्ग से अनुपाय समावेश के द्वारा भेद निरासपूर्वक परमशिव के साथ जो तादात्म्य बनता है, वह अद्वैत भाव है, वही सामरस्य है ॥२ ॥

उक्त उक्तिभङ्गिमा से दीक्षा के समकाल में ही परमशिव में अवस्थिति के कथन के बाद अब पुस्तक का वृत्तान्त निरूपित करते हैं। प्राण और अपान दोनों के विदारण से महाशून्य में प्रवेश हो जाता है ॥३ ॥

परमशिव के अनुग्रह (शक्तिपात) काल में गन्धमादन पर्वत के सिद्ध योगी द्वारा स्वाभाविक पुस्तक प्रदर्शन द्वारा परमशिव को प्राप्त करने का जो उपदेश दिया गया, वही यहाँ विस्तारपूर्वक निरूपित किया जा रहा है। सप्तछिद्रों (२ आँख, २ कान, २ नाक, एक मुख) से प्रकाशमान दर्शन, श्रवण, आघ्राण, अशन, पान के रूप में उल्लसित प्राणप्रवाह की अभिव्यक्ति ही ऊर्ध्वपट्ट है। इसे ही पूर्ण वृत्ति का उदय कहा जाता है। दो छिद्र नलिकाओं (पायु और उपस्थ) में प्रवाह रूप में फैल जाने वाला अधःपट्ट, पञ्च कर्मेन्द्रियों की शक्ति से आवेष्टित,

पञ्चफल (प्राण और अपान के दोनों मार्गों में प्राण इन्द्रियों की शक्ति से कुण्डलाकार हो जाता है और पञ्चफण वाले सर्प की क्रिया करता है) धर्मों को न प्रतिबन्धित करनेवाला अधःस्थित अपानरूप है। उसके जाग्रत् और स्वप्न दोनों वलयों को खोलकर विकसित कर, ग्रन्थिबन्ध को हटाकर दोनों, प्राण और अपान रूप पट्टों को फाड़ देने से, मध्यवर्ती जो प्राण रूप, महाशून्य की प्रकृति वाला, शक्ति और शिव की भेदावस्था से विनिर्मुक्त वर्ण, अवर्ण और निवर्ण से परे, स्पर्श और अस्पर्श के व्यवहार से मुक्त है, उसे ही उपचार से परमाकाश आदि नामों से कहा जाता है। उसमें समावेश पा लेना ही सामरस्य है। जिसने महोपदेश प्राप्त करा लिया है, वही प्राप्त महोपदेश नाम से व्यक्त होता है। अव्यवहृत होता है ॥३ ॥

- **निष्क्रियानन्दनाथ**

काश्मीरी शैवदर्शन में परमशिव सबसे ऊँची अनुत्तर सत्ता है। उसके साथ तादात्म्य का आनन्दानुभव करनेवाले (सिद्धगुरु) को ही निष्क्रियानन्दनाथ कहा गया है।

- **गन्धमादन**

पादसिद्ध-गन्धमादन पर्वत का व्यवहार, गिरनार, रोमश्वा के पास के पर्वत और बदरिकाश्रम से उत्तर-पूर्व कैलाश पर्वत के एक भाग के साथ किया जाता रहा है। किन्तु यह गन्धमादन रुद्र हिमालय के भागवाले गन्धमादन का ही बोधक हैं, क्योंकि काश्मीर और हिमालय का उपर्युक्त भाग समीपवर्ती है। सिद्धों की साधना स्थली हिमालय की एकान्त शान्तस्थली रही है। इसलिए वातूलनाथ का वहाँ रहकर

साधना करना और शिव की प्रेरणा से शिव-शक्ति तत्त्व का उपदेश काश्मीर आकर देना समीचीन है। यह किसी सिद्धविशेष से सम्बन्धित न होकर वातूलनाथ का ही वाचक है।

- **प्राण**

प्राण, अपान, समान, व्यान और उदान पाँच प्राण हैं। गुरु की देखरेख में प्राण और अपान की गति को योग प्रक्रिया द्वारा निरूद्ध किया जाता है। इस साधना से सार्धत्रिवलयावृता अधोमुखी मूलाधारस्थकुण्डलिनी का जागरण हो जाता है और साधक की साधना के फलस्वरूप वह ऊर्ध्वारोहण करने लगती है। ऊर्ध्वारोहण में षट्चक्रों का भेदन होता है, जो योगी के लिए भी बड़ा यत्नसाध्य है क्योंकि प्रत्येक चक्र के भेदन से विभिन्न प्रकार की सिद्धियाँ और ऐश्वर्य प्राप्त होते हैं, जिनसे योगभ्रष्टता का भय बना रहता है। इस व्याख्या से सिद्ध है कि काश्मीरी शैवदर्शन का सम्बन्ध योग साधना औरकुण्डलिनी जागरण से है। योग साधना, जाति, धर्म, पन्थ, लिङ्ग से परे है। इसीलिए इस बिन्दु पर निगम परम्परा की अपेक्षा व्यावहारिक तथा रहस्यों से भरपूर है। इसकी व्यावहारिकता ही शैव, वैष्णव, शाक्त, नाथ और बौद्धों को मिला देती है। इसका ही फल है कि साधना के क्षेत्र में इष्ट देवताओं के भिन्न होने पर भी आचारगत समानता के दर्शन होते हैं।

इस प्रकार काश्मीरी शैवदर्शन की उक्त पद्धति से समस्त शास्त्रों के प्रपञ्च से परे होने के कारण अनिर्वचनीय महोपदेश की उपलब्धि, उभय पट्टाकार (प्राण, अपान) के सद् और असद् दोनों रूपों के परिहार द्वारा, निस्तरङ्ग परमशिव में प्रवेश और सभी आवेशों से रहित,

महाशून्य में (प्राण और अपान के मध्यवर्ती प्राण रूप) समावेशकी बात बताकर, अब युग्म के उपसंहार से तन्मय होने के कारण कैवल्य फल का वर्णन किया जाता है।

युग्म के उपसंहृत हो जाने से निरवकाशसंवित् में अवस्थिति हो जाती है ॥४॥

पृथ्वी आदि पाँचों महाभूतों में प्रत्येक के ग्राह्य और ग्राहक रूप से युग्म वृत्तियों के उदय की व्यवस्था है। पृथ्वी तत्त्व के गन्ध प्रधान होने के कारण, गुदा और नासिका दो भेद हो जाते हैं। जलतत्त्व के रसप्रधान होने के कारण उपस्थ (जननेन्द्रिय) और रसना (जिह्वा) दो भेद हो जाते हैं। रूप प्रधान तेजस्तत्त्व, पाद और नेत्र भेद से दो प्रकार का हो जाता है। स्पर्शप्रधान वायुतत्त्व के त्वक् और पाणि दो भेद हो जाते हैं। शब्दप्रधान होने के कारण आकाशतत्त्व, वाक् और श्रोत्र भेद से दो प्रकार का होता है, ऐसा होने से ही अनेक प्रकार का हो जाता है। अथवा पृथ्वी और जल भोग्यस्वरूप हैं। तेज और वायु भोक्तृस्वभाव हैं। आकाश इन युग्मों के बीच स्थित है। छिद्रात्मक सत्ता होने के कारण सभी नाड़ियों में अनेक रूप हो जाता है अथवा यह समझना चाहिए कि पृथ्वी, जल, तेज, वायु चारों भोग्य हैं और आकाश भोक्तृस्वभाव है। भोग्य में भी भोक्ता सदैव स्थित रहता है औ भोक्ता में भी भोग्य नित्य स्थित रहता है। इस उक्त युक्ति के अनुसार प्रत्येक पाँचों महाभूत दो-दो विभूतियों के साथ निरन्तर प्रोल्लसित होते रहते हैं अथवा प्रत्येक व्यक्त और अव्यक्त रूप से, बाह्य और आभ्यन्तर रूप से, शान्त और विशद (स्पष्ट, अतिशय) रूप से सुशोभित होता है। इन पाँचों महाभूतों में स्थित युग्मों के संहरण (ग्रास) से निरवकाश

संवित् की स्थिति बनती है। निरवकाश संवित् से नहीं सविकल्प संवित् से भी नहीं, वह स्थान मिलता है और न ही निर्विकल्प संवित् स्वभाव से वहाँ प्रवेश मिलता है। इस प्रकार उस दशा के अप्रमेय होने के कारण निरन्तर अद्वैत की पराकाष्ठा स्वभाव के कारण उसे निरवकाश संवित् कहा जाता है। वह स्थिति अविचल बन जाय, श्रेष्ठ गुरु के बताए मार्ग से किन्हीं लोगों की वहाँ अच्युत गति हो जाती है। इस तरह कुल और कौल (उपास्य और उपासक) दोनों भावों के विगलन से निरुपाधि रूप निराकार के साथ तादात्म्य बन जाता है।

द्वैत के निरास द्वारा युग्म चर्चा के माध्यम से परतत्त्व में अवस्थिति का वर्णन कर, उसके पश्चात् सम्मिलन कथा को साक्षात्कार निरूपित किया जा रहा है।

सिद्ध और योगिनियों के सम्मिलन से महामिलाप का उदय होता है ॥५॥

